सराहनीय कार्य दिनांक 01-012-2022 जनपद फिरोजाबाद।

थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा हत्या में वाँछित 10-10 हजार रूपये के दो इनामियाँ अभियुक्तों को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल।

- **दिनांक 19-11-22 को बच्चों के विवाद में जान से मारने की नीयत से फायरिंग व आशीष के सिर में लोहे की रोड मारकर की गयी थी हत्या।**

दिनांक 19/11/22 को वादी सुधीर यादव पुत्र स्व0 श्री राम प्रकाश निवासी मोहल्ला गली रहट बडा बाजार कस्वा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद के भाई आशीष उम्र 26 वर्ष के सिर मे रोड मारकर हत्या कर देने एंव जान से मारने की नीयत से गोली चलाने के मामले में थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 910/22 धारा 302/307/323/504/506 भादवि बनाम गीतम आदि 04 नफर अभियुक्त पंजीकृत किया गया।

मामले के तत्काल खुलासे हेतु एवं हत्या करने वाले अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल पर्यवेक्षण में 04 टीमों का गठन किया गया। फरार अभियुक्तगण की गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा 10-10 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया। जिसमें आज दिनांक 01-12-2022 को थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त प्रतीम व अंकुश पुत्रगण श्रीदयाल निवासी मौहल्ला गली रहट बडा बाजार कस्बा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद को उनके मसकन से गिरफ्तार किया गया जब वह आलाकत्ल लोहे की रोड को खुर्द बुर्द करने आए थे।

गिरफ्तार अभियुक्त की निशांदेही पर उनके घर से आलाकत्ल लोहे की रोड को बरामद कर लिया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि घटना के दिन गीतम का विवाद पडोस मे रहने वाले भूरी सिह के साथ बच्चो के खेलने को लेकर हो गया था जिसमे कहासुनी होने के बाद मेरे भाई गीतम ने गोली चला दी थी। इसी दौरान गुस्से मे मैंने (प्रीतम) आशीष के सिर मे लोहे की रोड मार दी जिस्से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी व लोहे की रोड को हमने घर में छिपा दिया था। घटना मे प्रयुक्त किया गया तमंचा गीतम के पास है जिसके बाद हम मौके से भाग गए थे।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1-प्रीतम पुत्र श्रीदयाल निवासी मोहल्ला गली रहट बडा बाजार कस्वा व थाना शिकोहाबाद ।
2-अंकुश पुत्र श्रीदयाल निवासी मोहल्ला गली रहट बडा बाजार कस्वा व थाना शिकोहाबाद

बरामदगी का विवरण –

आला कत्ल लोहे की रोड ।

आपराधिक इतिहास-

1. मु०अ०सं० 910/2022 धारा 302/307/323/504/506 भादवि थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।

गिरफ्तार/बरामद करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री हरवेन्द्र कुमार मिश्रा थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
2. उ0नि0 श्री पुष्पेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी खेडा थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
3. उ0नि0 श्री अंकित मलिक चौकी प्रभारी माधवगंज थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
4. उ0नि0 श्री विक्रान्त तोमर चौकी प्रभारी आर्दश नगर थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद
5. का 073 भूरी सिह, 6. का0 34 हरीशचन्द्र थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।